प्रसार भारती
आकाशवाणी शिमला
06.01.2025 / प्रादेशिक समाचार / 19:45 बजे

मुख्य समाचार''

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना निर्माण व सुदृढ़ीकरण पर खर्च होंगे 2 हजार 4 सौ 15 करोड़ रुपये।
- राजभवन शिमला में बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित–राज्यपाल ने कार्यक्रम को बताया सांस्कृतिक दूरियां कम करने का अहम माध्यम।
- लोक निर्माण मंत्री ने कहा–शहरों के विकास के लिए सरकार प्रयासरत–शिमला के मिडल बाजार में बनी लिफ्ट का किया लोकार्पण।
- प्रदेश के ऊँचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी और अन्य भागों में वर्षा–कल से मौसम साफ रहने का अनुमान।

मुख्यमंत्री

राज्य सरकार विभिन्न पर्यटन परियोजनाओं को निर्धारित समय में पूरा करने को प्राथमिकता दे रही है ताकि पर्यटकों को विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की जा सकें। मुख्यमंत्री सुखविंदर सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार प्रदेश के पर्यटन क्षेत्र में अधोसंरचना निर्माण व सुदृढ़ीकरण पर आने वाले समय में 2 हजार 4 सौ 15 करोड़ रुपये खर्च करेगी। शिमला में पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए आज उन्होंने ये बात कही। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे सहयोगी..........

वीओ राज्य सरकार के प्रयासों से प्रदेश में पर्यटकों की आमद बढ़ी है, जो यहां की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में महत्त्वपूर्ण साबित हो रही है। शिमला में पर्यटन विभाग की विभिन्न परियोजनओं की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री सुखविन्दर सिंह सुक्खू ने ये बात कही। उन्होंने कहा कि मंडी जिला में बनने वाले शिवधाम पर एक सौ 50 करोड़ 27 लाख रुपये और हमीरपुर जिला के बाबा बालक नाथ मन्दिर के सौन्दर्यीकरण पर 51 करोड 70 लाख़ रुपये खर्च किए जाएंगे। प्रदेश सरकार 2 सौ 80 करोड़ 39 लाख की लागत से नादौन, नगरोटा बगवां और मनाली व कुल्लू में वैलनैस सेन्टर विकसित करेगी। सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार साहसिक पर्यटन को भी बढ़ावा दे रही है और इस कड़ी में नादौन में राफ्टिंग कॉम्पलैक्स और मनाली, धर्मशाला तथा शिमला में रोलर स्केटिंग रिंक का निर्माण किया जाएगा। इन पर एक सौ 63 करोड़ 50 लाख रुपये खर्च होंगे जिससे पर्यटकों सहित स्थानीय लोग लाभान्वित होंगे।

मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग को शिमला जिला के संजौली, रामपुर, मंडी जिला के कंगनीधार और सोलन के बद्दी हेलीपोर्ट सहित मौजूदा अन्य हेलीपोर्ट के लिए परिचालन स्वीकृति प्राप्त करने के निर्देश भी दिए ताकि इन हेलीपोर्ट में हेलीकॉप्टर सेवाओं का संचालन सुगम हो सके। बैठक में राज्य पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष रघुवीर सिंह बाली ने पर्यटन क्षेत्र में सुधार के लिए अपने बहुमूल्य विचार प्रस्तुत किए। निश्चित तौर पर सरकार के बहुआयामी प्रयासों से हिमाचल प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र नई उंचाईयां छुएगा जिससे राज्य की आर्थिकी को भी बल मिलेगा।

## राज्यपाल

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज राजभवन शिमला में आयोजित बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम की अध्यक्षता की। इस अवसर पर राज्यपाल ने नेहरू युवा केंद्र संगठन युवाओं को सशक्त करने और उनमें राष्ट्रीय एकता की भावना को जागृत करने में अहम भूमिका निभा रहा है। राज्यपाल ने कहा कि यह कार्यक्रम एक अनूठा मंच है जिसके माध्यम से न केवल सीमावर्ती क्षेत्र के युवा एक साथ आते हैं बल्कि सांस्कृतिक दूरियां भी घटती हैं, जिससे एकता और राष्ट्रीय गौरव की भावना को और अधिक बल मिलता है। शिव प्रताप शुक्ल ने सुझाव दिया कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग संबंधी जागरूकता अभियानों को और अधिक प्रभावी ढंग से कार्यान्वित किया जाए। उन्होंने विभिन्न प्रभावी जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजनों के माध्यम से नशे की समस्या से निपटने का आह्वान किया। इस कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश, जम्मू–कश्मीर, पंजाब, राजस्थान और उत्तराखंड सहित विभिन्न राज्यों से आए युवाओं ने भाग लिया।

## पंचायत से संसद

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज नई दिल्ली में 'पंचायत से संसद' कार्यक्रम के दूसरे चरण का उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम में 20 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों की पंचायतीराज संस्थाओं से चुनी गई करीब 5 सौ महिला प्रतिनिधि भाग ले रही हैं। इसका उद्देश्य पंचायतीराज संस्थाओं की अनुसूचित जनजातियों से चुनी गई महिला प्रतिनिधियों को सशक्त बनाना और उन्हें संवैधानिक प्रबंधों के बारे में जानकारी देना है। इस अवसर पर ओम बिरला ने कहा कि पंचायती राज संस्थाएं गांवों के विकास की दिशा में काम कर रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को साकार कर रही हैं।

## विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि शिमला सहित प्रदेश के अन्य शहरों के विकास के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। आज शिमला के मिडल बाजार में स्मार्ट सिटी

मिशन के तहत बनी लिफ्ट का लोकार्पण करने के बाद जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह लिफ्ट काफी महत्वपूर्ण हैं और वरिष्ठ नागरिकों और पर्यटकों को इससे काफी सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि आगामी कुछ महीनों के भीतर शहर के विभिन्न स्थानों पर बन रही पार्किंग भी लोगों को समर्पित कर दी जाएंगी।

लोकनिर्माण व शहरी विकास मंत्री ने कहा कि हिमाचल में शहरों के विकास के लिए सरकार ने विशेष योजना तैयार की है जिसे केंद्रीय शहरी विकास मंत्री मोहन लाल खट्टर के समक्ष रखा जाएगा।

उन्होंने कहा कि शहर के विकास में पूर्व सरकार के समय लागू की गई योजनाओं को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा।

मौसम

प्रदेश के उंचाई वाले इलाकों में आज दोपहर से हल्की बर्फबारी जबकि अन्य क्षेत्रों में रूक–रूक कर वर्षा हो रही है जिससे शीतलहर बढ़ गई है। कुल्लू जिला के ऊंची चोटियों सहित रोहतांग दर्रे और अटल टनल धुंदी, सोलंग नाला व कोठी में हल्का हिमपात हो रहा है जिसका पर्यटकों ने भरपूर आनंद लिया। शिमला जिला के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल कुफरी व नारकंडा में हल्की बर्फबारी जबकि राजधानी शिमला में हल्की वर्षा हो रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बर्फबारी के कारण फागू, कुफरी और नारकंडा में सड़कों पर फिसलन के चलते रामपुर और शिमला आनेजाने वाले वाहनों को वाया सैंज–लुहरी–सुन्नी भेजा जा रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के वैज्ञानिक संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने के चलते आज उंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी व अन्य क्षेत्रों में वर्षा की संभावना है। विभाग ने कल से प्रदेश में मौसम साफ रहने का अनुमान जताया है।

वायरस/

हाल ही में कर्नाटक में पाए गए हयूमन मेटान्यूमो वायरस के मामलों को देखते हुए केन्द्रीय स्वास्थ्य सचिव की अध्यक्षता में सभी राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों के स्वास्थ्य सचिवों के साथ आज एक बैठक की गई। केन्द्र सरकार ने कहा है कि ये एक सामान्य वायरस है और इससे घबराने की जरूरत नहीं है। बैठक में बाद हिमाचल प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव ने सभी मैडिकल कॉलेजों के प्राचार्यो, जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारियों और चिकित्सा अधीक्षकों के साथ भी बैठक की। उन्होंने इन्फ्लूएंजा से संबंधित मामलों या गंभीर श्वसन के सभी मामलों की निगरानी करने को लेकर दिशा निर्देश जारी किए।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने अधिकारियों को सरकार की विकासात्मक व कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं ताकि इनका आम जनता को लाभ मिल सकें। वे आज ज्वाली में उपमंडल के सभी विभागीय अध्यक्षों के साथ विकास कार्यों की प्रगति को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान बोल रहे थे। इस दौरान कृषि मंत्री ने सभी विभागीय अध्यक्षों से उनके विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। इस अवसर पर चंद्र कुमार ने जनसमस्याएं भी सुनी।

<u>सुरेश कश्यप</u>

सांसद सुरेश कश्यप ने कहा है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार घोटाले की सरकार बन गई है। शिमला से जारी एक बयान में उन्होंने कहा है कि इस सरकार में एक के बाद एक घोटाला सामने आ रहा है। सुरेश कश्यप ने कहा कि ठियोग में जल शक्ति विभाग के पानी घोटाले के बाद विभाग में एक और भ्रष्टाचार का मामला सामने आ रहा है। उन्होंने कहा कि ठियोग की कियार और कमाह पंचायत के दर्जनों गांवों के लिए बनाई गई सिंचाई योजना में ट्रायल के दौरान पाईपें फटी होने के कारण पानी खेतों तक नहीं पहुंचा। सुरेश कश्यप ने पूछा है कि ऐसी क्या नौबत आ गई कि सरकार को निम्न गुणवत्ता के पाईप इस्तेमाल करनी पड़ी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार के युवा नेता ही ऐसे घोटाले जनता के बीच ला रहे हैं और सरकार लोगों के बीच अपने विश्वनियता खो चुकी है।

<u>''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''</u>

- मुख्यमंत्री ने कहा– प्रदेश में पर्यटन अधोसंरचना निर्माण व सुदृढ़ीकरण पर खर्च होंगे 2 हजार 4 सौ 15 करोड़ रुपये।
- राजभवन शिमला में बॉर्डर एरिया यूथ एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित–राज्यपाल ने कार्यक्रम को बताया सांस्कृतिक दूरियां कम करने का अहम माध्यम।
- लोक निर्माण मंत्री ने कहा–शहरों के विकास के लिए सरकार प्रयासरत–शिमला के मिडल बाजार में बनी लिफ्ट का किया लोकार्पण।
- प्रदेश के ऊँचाई वाले इलाकों में हल्की बर्फबारी और अन्य भागों में वर्षा–कल से मौसम साफ रहने का अनुमान।